**2022**

# HINDI

Paper : HIN–HC–4026

**( हिन्दी कथा साहित्य )**

( Honours Core )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) हिन्दी में अंग्रेजी ढंग का पहला मौलिक उपन्यास किसे माना जाता है?

(ख) देवकीनंदन खत्री किस प्रकार के उपन्यास-लेखन के लिए प्रसिद्ध हैं?

(ग) 'श्यामास्वप्न' नामक उपन्यास के रचयिता कौन हैं?

(घ) बंकिमचंद्र के 'दुर्गेशनन्दिनी' नामक उपन्यास का अनुवाद हिन्दी में किसने किया है?

(ङ) मुंशी नवलकिशोर द्वारा सम्पादित 'मनोहर कहानी' का प्रकाशन किस ईस्वी में हुआ था?

(च) 'ग्यारह वर्ष का समय' नामक कहानी के रचयिता कौन हैं?

(छ) किशोरीलाल गोस्वामी की 'इन्दुमती' कहानी किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?

(ज) बाबा भारती ने अपने प्रिय घोड़े का नाम क्या रखा था?

(झ) जैनेन्द्र कुमार द्वारा विरचित 'त्यागपत्र' से भिन्न किसी एक उपन्यास का नाम बताइए।

(ञ) 'त्यागपत्र' उपन्यास का अंग्रेजी में अनुवाद 'The Resignation' नाम से किसने किया है?

(ट) सर एम० दयाल जजी त्यागकर कहाँ विरक्त जीवन बिता रहे थे?

(ठ) ''यह किसकी शरारत है? वह खड़ी हो जाय।'' ऐसा किसने कहा था?

(ड) 'आपका बंटी' उपन्यास में चित्रित फूफी कौन है?

(ढ) 'आपका बंटी' किस प्रकार का उपन्यास है?

(ण) 'त्यागपत्र' उपन्यास का प्रकाशन सन् क्या है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) उपन्यास को परिभाषित कीजिए।

(ख) कहानी की एक परिभाषा दीजिए।

(ग) सामाजिक उपन्यास किसे कहते हैं?

(घ) "तेरी कुड़माई हो गई?" ऐसा किसने, किससे पूछा था?

(ङ) बाबा भारती के घोड़े को देखकर खड़गसिंह ने क्या निश्चय किया था?

(च) बोधा सिंह का परिचय दीजिए।

(छ) प्रमोद ('त्यागपत्र' उपन्यास) के चरित्र की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ज) बंटी की माँ (ममी) की किन्हीं दो चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) उपन्यास और कहानी में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ख) युद्धभूमि में लहनासिंह क्यों झूठ बोलता है?

(ग) 'पिता' शीर्षक कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'पाजेब' कहानी के पात्र आशुतोष का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ङ) 'हिन्दी के जासूसी उपन्यास' विषय पर एक टिप्पणी लिखिए।

(च) बंटी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(छ) मृणाल की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ज) पठित कहानी के आधार पर 'गुलेरी' की कहानी-कला की विशेषताओं को चिह्नित कीजिए।

* * *

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है। जन्म भर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती हैं। सारे दृश्यों के रंग साफ होते हैं, समय की धुंध बिल्कुल उन पर से हट जाती है।

(ख) प्रेमचंद-युगीन हिन्दी कहानी की विकास-गाथा पर एक लेख लिखिए।

(ग) प्रेमचंदोत्तर-युग में हिन्दी उपन्यासों का विकास किस प्रकार से हुआ? सटीक उत्तर दीजिए।

(घ) नामकरण की सार्थकता के आधार पर 'त्यागपत्र' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

(ङ) "'आपका बंटी' उपन्यास एक बच्चे की निगाहों से घायल होती संवेदना का मार्मिक चित्रण है।" प्रस्तुत टिप्पणी की समीक्षा कीजिए।

(च) कहानी के तत्त्वों की दृष्टि से 'पूस की रात' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(छ) 'त्यागपत्र' उपन्यास की लोकप्रियता के कारणों का खुलासा कीजिए।

(ज) चम्पा (आकाशदीप) की चारित्रिक विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(झ) 'आपका बंटी' उपन्यास की भाषा-शैली की समीक्षा कीजिए।

(ञ) हिन्दी कहानी में कृष्णा सोबती की 'सिक्का बदल गया' कहानी के महत्त्व के कारणों को स्पष्ट कीजिए।

★★★